आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 28.12.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार आज पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल नई दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को उनके आवास पर श्रद्धांजलि दी।
- सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर सात दिन का राजकीय शोक घोषित किया है।
- वर्ष 2023–24 में ग्रामीण क्षेत्रों में मासिक प्रति व्यक्ति व्यय में नौ प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में लगभग आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई।
- शहीद द्वीप में बारह से अट्ठारह जनवरी तक विवेकानन्द मेला का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><>

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार आज किया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा सुबह साढे नौ बजे नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय से शुरू होकर निगम बोध घाट तक जाएगी। वहां सुबह ग्यारह बजकर पैंतालिस मिनट पर डॉ. मनमोहन सिंह का राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनके पार्थिव शरीर को उनके आवास से कांग्रेस कार्यालय ले जाया जाएगा और वहां आम जनता और पार्टी के कार्यकर्ता उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कल केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की स्मृति में शोक प्रस्ताव पारित किया गया। मंत्रिमंडल ने कहा कि राष्ट्र ने प्रख्यात राजनेता और प्रसिद्ध अर्थशास्त्री खो दिया है। बैठक में दो मिनट का मौन धारण कर पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि दी गई।

<><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल नई दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह को उनके आवास पर श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि डॉ. सिंह उन असाधारण राजनेताओं में से एक थे, जिन्होंने शिक्षा और प्रशासन की दुनिया में समान रूप से सहजता से काम किया।

उप–राष्ट्रपति ने अपने संदेश में पूर्व प्रधानमंत्री को एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री बताया, जिन्होंने भारत के आर्थिक परिदृश्य को बदल दिया। एक वीडियो संदेश में श्री मोदी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर पूरा राष्ट्र शोक में है। उन्होंने कहा कि उनका जीवन भावी पीढ़ी के लिए एक मिसाल है कि लोग किस तरह संघर्ष से उबरते हुये उपलब्धियों की ऊंचाई पर पहुंच सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पी वी नरसिम्ह राव मंत्रिमण्डल में रहते हुए डॉ. सिंह ने देश की आर्थिक स्थिति को नई दिशा प्रदान की। यह वो समय था, जब देश आर्थिक संकट से गुजर रहा था। उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह सामान्य पृष्ठ भूमि के मूल्यों को कभी नहीं भूले। अंडमान निकोबार प्रदेश कांग्रेस समिति के प्रचार समिति के अध्यक्ष टी. एस जी भास्कर और अन्य सदस्यों तथा विभिन्न पार्टी के नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा ने भी डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर अपनी शोक संवेदना प्रकट की है।

<><><><><><><>

सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर सात दिन का राजकीय शोक घोषित किया है। इस दौरान पूरे देश में राष्ट्र ध्वज आधे झुके रहेंगे और कोई भी सरकारी कार्यक्रम आयोजित नहीं होंगे। उनका अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। विदेशों में स्थित सभी भारतीय मिशनों और दूतावासों में भी अंतिम संस्कार के दिन राष्ट्र ध्वज आधे झुके रहेंगे।

इस बीच अंडमान निकोबार प्रशासन ने भी पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर एक जनवरी तक राजकीय शोक की घोषणा की है। सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार द्वीप पर्यटन महोत्सव के अंतर्गत श्री विजयपुरम स्थित प्रदर्शनी मैदान सहित तीनों ज़िलों के प्रमुख स्थानों पर होने वाले सभी मंच प्रदर्शन को रद्द कर दिया गया है। आयोजन स्थलों पर पुष्प एवं रोशनी की सजावट नहीं की जाएगी। आई टी एफ मैदान में पशु पालन एवं पशु चिकित्सा विभाग की ओर से आज आयोजित होने वाले पेट्ट–शो को भी रद्द कर दिया गया है।

<><><><><><><>

प्रति व्यक्ति मासिक व्यय में वर्ष 2022–23 के मुकाबले वर्ष 2023–24 में वृद्धि दर्ज की गई है। यह वृद्धि ग्रामीण क्षेत्रों में नौ प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में लगभग आठ प्रतिशत बढ़ी है।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2023–24 के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में औसत प्रति व्यक्ति मासिक व्यय चार हजार एक सौ बाईस रुपये और शहरी क्षेत्रों में छह हजार नौ सौ छियानबे रुपये होने का आंकलन किया गया है।

<><><><><><><>

शहीद द्वीप में बारह से अट्ठारह जनवरी तक विवेकानन्द मेला का आयोजन किया जाएगा। मेले में विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर उनकी गतिविधियों और उपलब्धियों को दर्शाया जाएगा। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों का भी आयोजन होगा। स्टॉल लगाने के इच्छुक निजी दुकानदार और व्यवसायी मेला सचिव, कार्यकारी सदस्य या मेला समिति के अध्यक्ष से फोन पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान की ट्राई–सर्विस बैंड और वायु सेना की एयर वॉरियर ड्रिल टीम की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आज से तीस दिसम्बर तक मरीना एस्प्लानेड में शाम चार बजे से कार्यक्रम आरंभ होगा।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों से नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वीप आज पर्यटकों और आम जनता के लिए बंद रहेगा। सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय ने इस आशय की जानकारी दी है।

<><><><><><><>

छोलदारी उप–संभाग के अंतर्गत काला पत्थर क्षेत्र में एच टी और एल टी लाईनों में जरूरी रख–रखाव का कार्य किए जाने के कारण आज बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। कटौती सुबह आठ बजे से दोपहर एक बजे तक टेलराबाद, सीपीघाट, विम्बलीटान जंक्शन, छोलदारी, पोर्ट–मोट, ओग्राब्रांज, नमूनाघर, डंडस प्वाइंट और टुसनाबाद से तिरूर तक की जाएगी। यह कार्य मौसम पर निर्भर रहेगा।

<><><><><><><>

सुनामी शांति सेवा संघ की ओर से पांच दिवसीय अखंड महानम कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। भातुबस्ती स्थित सब्जी मार्केट में कल तक भगवत कथा, कीर्तन, पदावली कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओ में प्रसाद का वितरण भी होगा।

<><><><><><><>

जहाज़रानी सेवा निदेशालय की ओर से बम्बूफ्लाट और उसके आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों की सुविधा के लिए चाथम और बम्बूफ्लाट के बीच रात के समय अतिरिक्त वाहन फेरी सेवा का संचालन करेगा। इक्कतीस दिसम्बर तक चाथम जेट्टी से रात्रि दस बजे तक वाहनफेरी सेवा उपलब्ध रहेगी।

<><><><><><><>

एम. वी. कैम्पबेल–बे की इक्कतीस दिसम्बर रात नौ बजे की लिटिल अण्डमान से श्री विजयपुरम की यात्रा को प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दिया गया है। अब यह जहाज एक जनवरी को सुबह आठ बजे लिटिल अण्डमान से श्री विजयपुरम के लिए रवाना होगा। यात्री संशोधित तिथि और समय के अनुसार उसी टिकट पर यात्रा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अटल फाउंडेशन की ओर से जंगलीघाट के खेतान कल्याण मण्डपम में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। दक्षिण अण्डमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने रक्तदान के महत्व पर ज़ोर देते हुए मानवता के हित में निःस्वार्थ भाव से रक्तदान करने का आग्रह किया। इस शिविर में चालीस यूनिट रक्त एकत्र किए गए।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन ने ब्रुक्शाबाद खादान क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राजस्व अधिकारियों ने दो ट्रकों की जांच की। जांच में पाया गया कि वे बिना वैध ट्रांसिट पास के पत्थरों का परिवहन कर रहे थे। दोनों वाहनों को तुरंत ज़ब्त कर लिया गया और उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

इस बीच, प्रशासन द्वारा फरारगंज तहसील के अंतर्गत नॉर्थ–बे क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर करीब एक हजार वर्ग मीटर सरकारी भूमि को खाली कराया गया। प्रशासन ने आम जनता से अनुरोध किया है कि वे अतिक्रमण से संबंधित सूचना ज़िला नियंत्रण कक्ष के फोन नम्बर या व्हाट्सऐप नम्बर पर दें।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के केन्द्रीय सहकारी कल्याण सोसाइटी लिमिटेड की वार्षिक आम सभा बैठक कल जंगलीघाट के खेतान कल्याण मंडपम में आयोजित होगी। बैठक सुबह नौ बजे आरंभ होगी।

बैठक में पिछले आम सभा की कार्यवाही की पुष्टि, दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए प्रस्तावित बजट का अनुमोदन, प्रबंधन समिति के लिए चुनाव जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। सभी सदस्यों से इस बैठक में उपस्थित रहने को कहा गया है।

**<><><><><><><>**